## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–06.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र में आज से विभागों के अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर होगी चर्चा, अब 17 मार्च को नहीं होगी सदन की कार्यवाही।
2. झारखंड में नेता प्रतिपक्ष के चयन के लिए नियुक्त किये गये भाजपा के दोनों केन्द्रीय पर्यवेक्षक आज आयेंगे रांची, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू झारखंड के छह दिवसीय दौरे पर।
3. सीआरपीएफ के डीजी ने झारखंड के डीजीपी से की मुलाकात, राज्य में नक्सल अभियान और तेज करने का निर्णय, सिमडेगा से पीएलएफआई के पांच उग्रवादी गिरफ्तार।
4. उत्तर भारत में बर्फवारी और बारिश का झारखंड में भी असर, मौसम विभाग ने अगले दो दिन तापमान में गिरावट का जताया पूर्वानुमान।
5. पंचकुला में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में झारखंड ने तमिलनाडु को दो के मुकाबले नौ गोल से हराया।

*****************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में बजट पर वाद–विवाद की समाप्ति के बाद अब आज से विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस बीच कार्यमंत्रणा समिति ने विधानसभा के औपबंधिक कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया है। होली के मद्देनजर अब 17 मार्च को सदन की कार्यवाही नहीं होगी। 17 मार्च को जिन आठ विभागों के सवाल और कार्यक्रम निर्धारित हैं, उन्हें अब 22 मार्च को सदन में लाया जायेगा।

*****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। बजट सत्र के दौरान पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार कोयले की अवैध ढुलाई करना चाहती है। यही कारण है कि सरकार बार–बार खदानों को बंद कर देने की बात कह रही है।

*****************

झारखंड में भाजपा विधायक दल के नेता का चयन जल्द कर लिया जायेगा। भाजपा संसदीय बोर्ड ने इसके लिए केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दोनों केन्द्रीय पर्यवेक्षक आज रांची पहुंचेंगे और नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

*****************

इधर, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू एक बार फिर राज्य के दौरे पर पहुंचे हैं। रांची एयर पोर्ट पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि वे आज पलामू, लातेहार और गढ़वा के जिला अध्यक्षों, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

*****************

सिमडेगा जिले से पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में एक महिला भी शामिल है। इन सब पर सिमडेगा का पाकड़टांड़ थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

*****************

उधर, पश्चिमी सिंहभूम जिले की महिला नक्सली रेणुका को दिल्ली पुलिस ने पीतमपुरा इलाके से गिरफ्तार किया है। वह फर्जी पहचान बताकर घरेलू सहायक का काम कर रही थीं। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। वह कोल्हान क्षेत्र में हुई कई मुठभेडों में शामिल रही हैं।

*****************

सीआरपीएफ के डीजी जीपी सिंह ने पुलिस मुख्यालय में झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों के बीच झारखंड में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज करने की रणनीति बनी। दोनों ने नक्सल विरोधी रणनीतियों को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। डीजीपी श्री गुप्ता ने दावा किया है कि 31 मार्च तक राज्य से नक्सलियों का खात्मा हो जायेगा।

*****************

इससे पहले सीआरपीएफ के डीजी जीपी सिंह ने पलामू जिले के लेस्लीगंज के कमलकेडिया गांव पहुंचे और छतीसगढ़ में नक्सली के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जवान महिलानंद शुक्ला के परिजनों से मुलाकात की। श्री सिंह ने परिजनों की समस्याएं सुनीं और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। श्री सिंह ने कहा कि पूरा देश शहीद परिवार के साथ खड़ा है।

*****************

पाकुड जिले में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले विचाराधीन कैदियों को हुनरमंद बनाने की पहल की जा रही है।

*****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष– सह –प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर –इन– चार्ज बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं माइंस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विकास मनवटी ने मुलाकात की।
- राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 12 मार्च को आयोजित की जायेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने बताया कि बैठक दिन के 11 बजे से होगी।
- गुमला जिले में आज पीएम जनमन योजना के तहत कई गांवों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। पीवीटीजी बाहुल्य इन गांवों में मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य परामर्श, उपचार और आवश्यक दवाइयां प्रदान की जाएगी।

*****************

उत्तर भारत में बर्फवारी और बारिश के कारण झारखंड में अगले दो दिनों के दौरान मौसम में बदलाव संभव है। इस दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। सुबह व शाम में तापमान में कमी तथा ठंडी हवा चलने से ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग ने बताया कि आज मौसम शुष्क रहेगा और सूर्यास्त पांच बजकर चौवन मिनट पर होगा।

*****************

हरियाणा के पंचकुला में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में झारखण्ड हॉकी टीम ने अपने पहले मैच में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को दो के मुकाबले नौ गोल से पराजित किया। हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने इस जीत पर झारखंड टीम को बधाई दी है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– कार्यपालक अभियंता पर प्राथमिकी के लिए सत्ता पक्ष अड़ा, मंत्री नहीं हुए तैयार।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– सेल, एचईसी विस्थापितों के मुद्दे पर केन्द्र से करेंगे बात।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है: सत्ता पक्ष ने ही सरकार को घेरा, कहा– ईई पर केस दर्ज करें, वरना धरना देंगे।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– चैंपियंस ट्राफी फाइनल में 25 वर्ष बाद भारत से भिड़ेगा न्यूजीलैंड।

***********************